# ECHO OF HIS CALL

HINDI

# बुलावे की प्रतिध्वनि

*India's National Spiritual Newspaper*

₹ 10/-

REACHING NATIONS

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXX | YEAR OF OUR LORD JESUS CHRIST, 2025 JANUARY | No.02




पवित्र बाइबल!
इन वचनों को याद करें
परमेश्वर की स्तुति हो

**भजन 101:1—8**

1 मैं करुणा और न्याय के विषय गाऊँगा; हे यहोवा, मैं तेरा ही भजन गाऊँगा।
2 मैं बुद्धिमानी से खरे मार्ग में चलूँगा। तू मेरे पास कब आएगा? मैं अपने घर में मन की खराई के साथ चलूँगा;
3 मैं किसी ओछे काम पर चित्त न लगाऊँगा। मैं कुमार्ग पर चलनेवालों के काम से घिन रखता हूँ; ऐसे काम में मैं न लगूँगा।
4 टेढ़ा स्वभाव मुझ से दूर रहेगा; मैं बुराई को जानूँगा भी नहीं।
5 जो छिपकर अपने पड़ोसी की चुगली खाए, उसका मैं सत्यानाश करूँगा; जिसकी आँखें चढ़ी हों और जिसका मन घमण्डी है, उसकी मैं न सहूँगा।
6 मेरी आँखें देश के विश्वासयोग्य लोगों पर लगी रहेंगी कि वे मेरे संग रहें; जो खरे मार्ग पर चलता है वही मेरा टहलुआ होगा।
7 जो छल करता है वह मेरे घर के भीतर न रहने पाएगा; जो झूठ बोलता है वह मेरे सामने बना न रहेगा।
8 भोर ही भोर को मैं देश के सब दुष्टों का सत्यानाश किया करूँगा, इसलिये कि यहोवा के नगर के सब अनर्थकारियों को नष्ट करूँ।

## प्रभु यीशु मसीह

## आपके लिए उसकी प्रतिज्ञाओं को स्मरण करेगा

THE LORD JESUS CHRIST WILL REMEMBER HIS PROMISES TO YOU!

*मानद प्रधान सम्पादिका, रेव्ह. एन्जेलिन सेल्वाकुमारी*



मेरे एको ऑफ हिज़ कॉल परिवार को नए साल की बधाई!

मैं प्रार्थना करता हूं कि यह वर्ष ऐसा होगा जब परमेश्वर आपको, आपके परिवार को, और उस भले काम को स्मरण करे जो आप उसके लिए करते हैं।

बाइबल हमें आश्वासन देती है कि हमारा परमेश्वर वायदों को पूरा करने वाला परमेश्वर है। वह घोषणा करता है, **मैं अपने कहे हुए को जब तक पूरा न कर लूँ तब तक तुझ को न छोड़ूँगा** (उत्पत्ति 28:15)। जब परमेश्वर प्रतिज्ञा करता है, तब वह उसे पूरा करने के बारे में विश्वासयोग्य रहता है - उसके सिद्ध समय में। उसका समय एक दिन, एक सप्ताह, एक महीने, एक वर्ष या पीढ़ियों तक पूरा हो सकता है। परंतु, उसकी प्रतिज्ञा हमेशा पूरी होगी।

मैं प्रार्थना करती हूं कि 2025 आपका कैरोस वर्ष - आपके जीवन में उसकी प्रतिज्ञाओं के पूरे होने का पवरमेश्वर द्वारा नियुक्त समय है।

*पृष्ठ 3 मे क्रमशः...*




एको ऑफ हिज़ कॉल *5 मिनिट का संदेश!!*

यू ट्यूब *मसीही चैनल!*

तुम्हें पास्टर एस. सैम सिल्वा राज के साथ प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा!


*अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल और तेलूगू*

*प्रतिदिन सुबह* 2 *बजे*

*तमिल रविवार सभा - सुबह 8:30 बजे*

* Please Subscribe and Share *

## ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)




### *from your dearly beloved brother...*



**OUR MISSION POLICY**

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.

**HON. EDITOR-IN-CHIEF**
Rev. Angeline S. Kumari, M.A., M.Sc., M.Ed.
**HON. MANAGING EDITOR**
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.
**GENERAL MANAGER**
Bro. N. Prakasam, M.A., M.Sc.(C&P), PGDHRM, MBA.
**ADMINISTRATION**
Sis. Jesy Veena Sam
Adv. K. Puratchivendan, M.Com., C.A., B.L.
Dr. P.E.R. Premchand, M.Sc., M.A., M.Ed., Ph.D.
Dr. C.G.S. Baburao, B.Tech., M.Tech. (DM), Ph.D.
Dr. Rabinder Boaz, M.S. (CMC)
**EDITORIAL BOARD**
Dr. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Sis. Sajini Cherian
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran
Rev. Dr. William Robert, Ph.D., DD, D.Lit.
**EDITOR, PUBLISHER & PRINTER**
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 98412 71858
95661 31858
**E.MAIL**
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in
**WEBSITES**
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com
**YOUTUBE CHANNEL**
Echo of His Call

**"इस प्रकार तेरे खत्ते भरे पूरे रहेंगे, और तेरे रसकुण्डों से नया दाखमधु उमण्डता रहेगा।" नीतिवचन 3:10**

प्रभु में परमेश्वर के प्रिय बच्चों,

हमारा प्रेमपूर्ण अभिवादन प्राप्त हो। हम आपकी प्रतिदिन की सुरक्षा और आपके जीवनों के कल्याण के लिए निरंतर प्रार्थना करते हैं। पिछले सम्पूर्ण वर्ष आपकी आग्रहपूर्ण प्रार्थनाओं और आनंद के साथ हमारे लिए किए गए प्रयोजन के लिए हम आपको धन्यवाद करते हैं। हमें भरोसा है कि आप कुशल से हैं।

पिछले वर्ष हमारा सेवकाई का मार्ग परमेश्वर की भलाई से भरपूर था। परंतु प्रभु ने यर्दन नदी के समान दिखने वाली परीक्षाओं, और लाल समुद्र जैसे दुखों पर जय पाने में हमारी सहायता की, जिन पर अन्यथा मनुष्य की सामर्थ्य से जय पाना असम्भव था।

आपके जीवन में भी ऐसा ही रहा होगा! भयभीत न हों। परमेश्वर आपके लिए लड़ रहा है, आपके पक्ष में खड़ा है, और निरंतर ऐसा ही करेगा। **क्योंकि यहोवा यों कहता है, 'तुम्हारे सामने न तो वायु चलेगी, और न वर्षा होगी; तौभी यह नाला पानी से भर जाएगा; और अपने गाय बैलों और पशुओं समेत तुम पीने पाओगे। २ राजा 3:17**

**इसलिये प्रभु यहोवा यों कहता है, देखो, मैं ने सिय्योन में नींव का एक पत्थर रखा है, एक परखा हुआ पत्थर, कोने का अनमोल और अति दृढ़ नींव के योग्य पत्थर और जो कोई विश्वास रखे वह उतावली न करेगा। यशायाह 28:16।** चिंतित न हो। परमेश्वर आपके लिए भी आश्चर्यकर्म करेगा। पहाड़ टल जाएंगे और पहाड़ियां हट जाएगी और बीच समुद्र में जा गिरेगी, उसका अनुग्रह आपसे दूर नहीं होगा। **"चाहे पहाड़ हट जाएँ और पहाड़ियाँ टल जाएँ, तौभी मेरी करुणा तुझ पर से कभी न हटेगी, और मेरी शान्तिदायक वाचा न टलेगी, यहोवा, जो तुझ पर दया करता है, उसका यही वचन है" यशायाह 54:10।** परमेश्वर जो आपको गिरने से बचा सकता है आपके साथ है। हियाव बांधें। इस वर्ष के अंत से पहले वह हर एक चीज़ जिसके आप हकदार हैं अवश्य ही आप तब पहुंचेगी।

सेवकाई का रास्ता मुश्किल है; जैसे जैसे हम शत्रु के खिलाफ लड़ते रहते हैं, हमारा बल घटता जाता है। परंतु परमेश्वर हमें ऊंचा उठाता है। **क्योंकि धर्मी चाहे सात बार गिरे तौभी उठ खड़ा होता है; परन्तु दुष्ट लोग विपत्ति में गिरकर पड़े ही रहते हैं नीतिवचन 24:16।** इसलिए निराश न हों। परमेश्वर का बल हमें सम्भाल रहा है।

हम आपसे आपकी अनुरोधपूर्ण प्रार्थनाओं के लिए और हमारी **एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवाओं के लिए हर्षपूर्ण भेंटों के लिए बिनती करते हैं, और इस प्रकार हमारी सेवकाई में तत्पर रहें। और कृपया परमेश्वर के अन्य सेवकों की सहायता करना भी न भूलें। परमेश्वर आपको अनगिनत आशीषें दें... आमेन।

आपका नया वर्ष आनंदमय हो!

हम आपको क्रिसमस की बधाई देते हैं नया साल 2025 आशीषमय हो।

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*
*पास्टर एलेक्स सैमसन सैम*
*पास्टर एस. सैम सिल्वा राज*

(+91) 98410 71858 / 98412 71858 Email: sam@echoofhiscall.org

Our Ministries: ECHO OF HIS CALL Monthly Magazines (16 languages) · BIBLECOR - Postal Courses (3 languages) · YouTube Ministry · Online Courses · Theological Correspondence Courses (2 languages) · Church Planting · Nehemiah Bible Colleges · Gospel Printing Press · Great Commission Partners · St. Paul's Matriculation School · Crusades · Community Development

## एको ऑफ हिज़ कॉल के पाठकों : ध्यान दें

हमारे 5 मिनिट के एको ऑफ हिज़ कॉल यूट्यूब संदेश सुबह 2 बजे तमिल, अंग्रेज़ी और हिंदी में प्रतिदिन प्रसारित किए जाते हैं। इन संदेशों को देखने से आप परमेश्वर का अनुग्रह पा सकते हैं।

इसके अलावा, आपके व्यक्तिगत मोबाइल फोन में मेरे मोबाइल क्रमांक (+91) 98410 71858, (+91)98412 71858 सेव करें।

– पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज

*पृष्ठ 1 से आगे:...*

## निराशाजनक समय आग्रहपूर्ण प्रार्थनाओं की मांग करता है!

जब ईश्वर ने आपको कोई वादा दिया है, तो प्रार्थना में दृढ़ रहें, और जब तक वह फल न दे, तब तक विश्वास के साथ उसका दावा करते रहें। अक्सर, हताश परिस्थितियों में आग्रहपूर्ण और सच्ची प्रार्थना की आवश्यकता होती है। बाइबल में, हमें ऐसे व्यक्तियों के अनगिनत उदाहरण मिलते हैं, जिन्होंने अपने सबसे मुश्किल पलों में, हताश होकर परमेश्वर की ओर फिर गए और परमेश्वर ने उन्हें स्मरण करके उत्तर दिया।

जब मै कहता हूं, "परमेश्वर ने स्मरण किया," तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह कभी भूलता नहीं है। इसके बजाय, इसका मतलब है कि जब हम विश्वास और दृढ़ता के साथ प्रार्थना करते हैं, तो स्वर्ग हमारी पुकार के उत्तर में कार्य करता है। आमेन!

हन्ना की कहानी पर विचार करें, जो बच्चे को जन्म न दे पाने में असमर्थ होने से बहुत दुखी थी।



**हे मेरे प्रभु, मैं तो दुःखिया हूँ – हन्ना की प्रार्थना**

अपनी पीड़ा में, उसने कहा, **...हे मेरे प्रभु, मैं तो दुःखिया हूं...** 1 शमूएल 1:15। प्रार्थना में अपने दिल को उण्डेलने के बाद, उसका चेहरा बदल गया। बाइबल हमें बताती है, **...उसका मुँह फिर उदास न रहा।** 1 शमूएल 1:18। अपने स्वभाव के अनुसार, **... परमेश्वर ने उसे स्मरण किया।** 1 शमूएल 1:19, और उसे सन्तान की आशीष मिली।

दूसरा सामर्थी उदाहरण हिजकिय्याह है। जब परमेश्वर ने उसे अपनी मृत्यु के लिए तैयार होने की आज्ञा दी, तो हिजकिय्याह ने एक हताश प्रार्थना की, **मैं विनती करता हूं, स्मरण कर कि मैं सच्चाई और खरे मन से अपने को तेरे सम्मुख जानकर चलता आया हूं, और जो तुझे अच्छा लगता है वही मैं करता आया हूं...** 2 राजा 20:3। उसकी हार्दिक प्रार्थना ने परमेश्वर को द्रवित कर दिया, और उसकी उम्र बढ़ा दी।

बाइबल इस बात की गवाही से भरी पड़ी है कि कैसे हताश प्रार्थनाओं ने परमेश्वर के दिल को छुआ है और ईश्वरीय हस्तक्षेप को प्रेरित किया है। हर बार जब लोग प्रार्थना करते हैं, तो परमेश्वर स्मरण करते हैं। मुझे नहीं पता कि आप में से कितने लोगों ने पिछले वर्षों में यह कहते हुए पुकारा है, "हे प्रभु, अपनी दया और करूणा में मुझे स्मरण कर। हे प्रभु, मुझ पर दया कर। कृपया मेरी ओर देख। मेरी स्थिति पर ध्यान दे।"

मेरे पास आपके लिए सुसमाचार है! यह वही है जो सम्प्रभुताकारी परमेश्वर घोषित करता है :

**...मेरे किसी वचन के पूरा होने में फिर विलम्ब न होगा, वरन् जो वचन मैं कहूं वह निश्चय पूरा होगा, प्रभु यहोवा की यही वाणी है।** यहेजकेल 12:28।

यह मेरी हार्दिक प्रार्थना है कि 2025 में, परमेश्वर आपको स्मरण करे और आपके जीवन, आपके परिवार और आपकी सेवकाई के लिए अपनी योजनाओं को पूरा करे। जितना हम चाहते हैं कि परमेश्वर हमें स्मरण करे, उतना ही वह हमें इस साल की शुरुआत में कुछ चीजों को स्मरण रखने के लिए भी कहता है। वह हमें कुछ महत्वपूर्ण सिद्धांतों का स्मरण दिला रहा है जिन्हें हमें थामना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए :

### 1. परमेश्वर के कामों और आश्चर्यकर्मों को याद रखें!

**मैं याह के बड़े कामों की चर्चा करूँगा; निश्चय मैं तेरे प्राचीनकालवाले अद्भुत कामों का स्मरण करूँगा। मैं तेरे सब कामों पर ध्यान करूँगा, और तेरे बड़े कामों को सोचूँगा।** भजन 77:11—12।

बाइबल हमें सिखाती है कि हम अपने जीवन में परमेश्वर द्वारा किए गए चमत्कारों



**यहोशू की अगुवाई में इस्राएलियों ने यरदन नदी को पार किया।**

और आशीषों पर ध्यान करें। इसका एक ज्वलंत उदाहरण यहोशू 4 में मिलता है, जहां इस्राएलियों ने यहोशू की अगुवाई में यरदन नदी को पार किया।

नदी पार करते समय, परमेश्वर ने उन्हें अपने सामर्थी कार्यों को याद रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण करने का आदेश दिया। उसने प्रत्येक गोत्र को नदी के तल से एक पत्थर उठाने की आज्ञा दी। ये पत्थर परमेश्वर की विश्वासयोग्यता के स्मारक के रूप में काम करने थे। प्रभु ने कहा :

**"जिस से यह तुम लोगों के बीच चिह्न ठहरे, और आगे को जब तुम्हारे बेटे यह पूछें, 'इन पत्थरों का क्या मतलब है?' तब तुम उन्हें यह उत्तर दो, कि यरदन का जल यहोवा की वाचा के सन्दूक के सामने से दो भाग हो गया था"** (यहोशू 4:6–7)।

2024 या उससे भी पहले के वर्षों से आपके पास कौन-सी स्मरण करने योग्य बातें हैं? यदि इस्राएलियों को यरदन नदी पार करने की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ता, तो उनके पास अगली पीढ़ी को सौंपने के लिए स्मारक पत्थर नहीं होते।

उसी तरह, परमेश्वर कभी कभी हमें भयानक चुनौतियों का सामना करने की अनुमति देता है, जैसे गरजने वाली, तेज़ी से बहने वाली यरदन नदी। ये चुनौतियां न केवल हमारे विश्वास को बढ़ाने के लिए है बल्कि परमेश्वर क्या कर सकता है इसकी गवाहियों के रूप में भी हैं – हमारे लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए।

## 2. अपने सृजनहार को स्मरण रख..

सभोपदेशक 12:1।

अक्सर, हम इस पद को विशेष तौर पर युवाओं को संबोधित करते हुए देखते हैं। वास्तव में, यह कहता है, मैं **अपनी जवानी के दिनों में अपने सृजनहार को स्मरण रख... सभोपदेशक 12:1।** परंतु, जवानी के बाद भी, वह हमें बुलाहट देता है कि हम अपने संपूर्ण जीवन में अपने सृजनहार को स्मरण करें।

अक्सर, हम सृजनहार से अधिक सृष्टि को प्रधानता देते हैं। जैसे कि बाइबल हमें चेतावनी देती है :

**क्योंकि उन्होंने परमेश्वर की सच्चाई को बदलकर झूठ बना डाला, और सृष्टि की उपासना और सेवा की, न कि उस सृजनहार की जो सदा धन्य है! आमेन।** (रोमियों 1:25)।

यह न जानते हुए हम अक्सर उस परमेश्वर के बजाए भौतिक वस्तुओं को अनावश्यक महत्व देते हैं, जिन्हें उसने बनाया है। पवित्र शास्त्र हमें स्मरण दिलाता है :

**इसलिये पहले तुम परमेश्वर के राज्य और उसके धर्म की खोज करो तो ये सब वस्तुएँ भी तुम्हें मिल जाएँगी...** (मत्ती 6:33)।

हम उसके स्रोत को भुल जाते हैं! परमेश्वर हमारे विश्वास का कर्ता और उसे पूरा करने वाला है। उसने सबकुछ निर्माण किया और हमारे जीवनों पर पूरा नियंत्रण रखता है। हमारे जीवनों की प्रत्येक घटना एक ईश्वरीय उद्देश्य के साथ आती है। सृजनहार में भरोसा रखें, क्योंकि सारी बातों को मिलाकर वह भलाई उत्पन्न करता है।

उदाहरण के तौर पर यूसुफ की कहानी लें। वह याकूब का प्रिय पुत्र था, जो उसके बुढ़ापे की उम्र में पैदा हुआ था। और वह उसे बहुत



**याकूब अपने प्रिय पुत्र के साथ**

प्रेम करता था – इतना अधिक कि उसके भाई उससे जलने लगे। यूसुफ स्वप्नदर्शी था, जिसे परमेश्वर की ओर से यह प्रतिज्ञाएं और भविष्यद्वाणियां मिली थी कि एक दिन उसका परिवार उसके सामने दण्डवत करेगा। परंतु परमेश्वर जानता था कि यह भविष्यद्वाणी वहां पूरी नहीं होगी जहां यूसुफ था। यात्रा ज़रूरी थी।



**यूसुफ को मुश्किल मार्ग पर चलना पड़ा!**

याकूब अपने बेटे की रक्षा करना चाहता था, और उसने कभी यूसुफ को मिस्र देश जैसे दूर देश में जाने की अनुमति न दी होती, जहां परमेश्वर की योजना उसकी बाट जोह रही थी। इसलिए, यूसुफ को मुश्किल राह पर चलना पड़ा : गड्हा, कैद, और अंत में, राजमहल। परीक्षाओं के बावजूद, आक्रमण के झूठे आरोपों और कैद के बावजूद परमेश्वर ने हर परिस्थिति पपर नियंत्रण रखा।

प्रिय मित्र,

शायद, जीवन आपके लिए अन्यायपूर्ण होगा। आपने दुखद अनुभवों का, अन्यायपूर्ण बर्ताव का, अपमान, या विश्वासघात का सामना किया होगा – यूसुफ के समान। परंतु याद रखें, आपका सृजनहार नियंत्रण रखता है।

यूसुफ ने एक बार प्यालेदार से पूछा कि वह उसे स्मरण रखें, छुटकारे की आशा रखते हुए। फिर भी मनुष्य ने नहीं, परंतु परमेश्वर ने उसकी उन्नति की योजना बनाई। किसी भी मनुष्य में उन द्वारों को खोलने की सामर्थ्य नहीं है जिन्हें परमेश्वर ने बंद किया है या उन द्वारों को बंद करने की सामर्थ्य नहीं है जिन्हें परमेश्वर ने खोला है। परमेश्वर के सिद्ध समय में भरोसा रखें, क्योंकि **उसने सब कुछ ऐसा बनाया कि अपने अपने समय पर वे सुन्दर होते हैं** (सभोपदेशक 3:11)।

हर परिस्थिति में, अपने सृजरहार को स्मरण कर। वह आपके सिर को ऊंचा करेगा और वही है जो अपनी योजानाओं को पूरा करता है। उसमें पूरा भरोसा रखें।

....Contd. to page 6

ECHO OF HIS CALL MINISTRIES SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✽ भार उठना (गलातियों 6:2), ✽ सहायता करना (रोमियों 12:13) और ✽ चमकना (2 तीमु. 1:6)



## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

**19 जनवरी 2025, से 18 फरवरी 2025 तक**

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)

### स्तुति विषय

19 जनवरी : हमारे सभी सहायक संपादकों और उनके परिवार की आशीष के लिए।

20 जनवरी : हमारे प्रार्थना भागीदारों, सदस्यता भागीदारों, विश्वास भागीदारों, जीवन भागीदारों और महान आदेश भागीदारों के साथ-साथ उनके परिवारों पर परमेश्वर की दया और अनुग्रह के लिये।

21 जनवरी : पिछले महीने की हमारी सभी वित्तीय और आत्मिक जरूरतों को पूरा करने के लिए।

22 जनवरी : हमारी मुख्य कलीसिया और शाखा कलीसियाओं और उनके विश्वासियों की आशीष के लिए।

23 जनवरी : हमें नियमित रूप से ईश्वरविज्ञान सेमिनार आयोजित करने में सक्षम बनाने के लिए।

24 जनवरी : हमारी मुख्य कलीसिया और शाखा कलीसियाओं में क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने में बनाने के लिए, जिसे हम सार्थक और प्रभावशाली तरीके से जश्न मना सकें।

25 जनवरी : सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल और नहेम्या बाइबल कॉलेजों और हमारे ईश्वर विज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम के सभी कार्यों के लिए।

26 जनवरी : हमारे वरिष्ठ पासबान द्वारा विविध सेवकाइयों के माध्यम से सुसमाचार का प्रचार करने के उनके समर्पण के लिए।

27 जनवरी : ५ मिनट के संदेशों के साथ हमारी यू ट्यूब सेवा को आशीष देने के लिए, जो उन लोगों तक पहुंचते हैं, जो पहुंच से दूर हैं।

28 जनवरी : हमें अपनी पत्रिका को १६ भाषाओं में हमारे प्रिंटिंग प्रेस में छापने और प्रकाशित करने और मिशन क्षेत्रों में वितरित करने में सक्षम बनाने के लिए।

29 जनवरी : हमारे एको ऑफ़ हिज़ कॉल कर्मचारियों और उनके परिवारों को अच्छे स्वास्थ्य और ईश्वरीय सुरक्षा के साथ आशीष देने के लिए

30 जनवरी : हमारे समन्वयकों, क्षेत्र मिशनरियों और उनके परिवारों की आशीष के लिए।

31 जनवरी : हमारे पासवान और मुख्य कलीसिया और शाखा कलीसिया के वरिष्ठ अगुवों को आशीष देने के लिए।

01 फरवरी : हमारी अस्पताल सेवकाई में परमेश्वर के आश्चर्यकर्मों के लिए।

02 फरवरी : हमारी मुख्य कलीसिया में पुरुषों की बैठक के लिए उनकी आशीष के लिए।

03 फरवरी : युवा और बाल देखभाल सेवा के लिए हमारे वैश्विक दृष्टिकोण को आशीष देने के लिए।

### कृपया प्रार्थना करें

04 फरवरी : संसार के सभी देशों से नई संक्रामक बीमारियों का उन्मूलन हो।

05 फरवरी : इको अह्फ हिज कह्ल की युवा और आउटरीच सेवकाई के लिए।

06 फरवरी : इस वर्ष इको अह्फ हिज कह्ल सेवकाई के लिए आवश्यक धन के लिए।

07 फरवरी : दुनिया भर में सभी महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए।

08 फरवरी : मिशनरियों और परमेश्वर के सेवकों के खिलाफ हिंसा को रोका जाए।

09 फरवरी : हमारे वरिष्ठ पादरी एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार के सदस्यों की सभी प्रकार की बुरी ताकतों से सुरक्षा।

10 फरवरी : इजरायल, फिलिस्तीन, रूस और यूक्रेन की शांति।

11 फरवरी : वे छात्र जो अपनी सार्वजनिक सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

12 फरवरी : हमारे सेंट पह्ल मैट्रिकुलेशन स्कूल और नहेम्याह बाइबिल कह्लेज के छात्रों की सुरक्षा।

13 फरवरी : हमारे कार्यालय कर्मचारियों और मुद्रण कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए।

14 फरवरी : हमारे सहयोगी संपादक और उनके परिवार के सदस्यों के लिए।

15 फरवरी : पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य का निर्माण करने के लिए केंद्रित दर्शन देने के लिए।

16 फरवरी : उन लोगों के लिए जो गरीबी, भुखमरी और गरीबी से पीड़ित हैं।

17 फरवरी : हर शराबी और बुरे काम करने वाले से मिल सकें ताकि वे पश्चाताप करें।

18 फरवरी : पूरे संसार में शांति के लिए।

*पृष्ठ 4 से आगे:...*

वह हमारे भविष्य का निर्माण करता है :

**"क्योंकि यहोवा की यह वाणी है, कि जो कल्पनाएँ मैं तुम्हारे विषय करता हूँ उन्हें मैं जानता हूँ, वे हानि की नहीं, वरन् कुशल ही की हैं, और अन्त में तुम्हारी आशा पूरी करूँगा।"** (यिर्मयाह 29:11)।

उस गड्ढे में यूसुफ को लाचार महसूस किया होगा, जहां उसे भाईयों ने उसे त्याग दिया था। उसने सोचा होगा, "मेरे लिए कोई भविष्य नहीं है।" उसके निराशा की कल्पना करें जब वह कैद में बैठा था, उस देश के एक मुख्य व्यक्ति पर हमला करने के प्रयास में उस पर झूठा आरोप लगा था। छुटकारे की सम्भावना असम्भव लग रही थी। पोटीफर जैसे ताकतवर व्यक्ति के खिलाफ कौन खड़ा रह सकता था?

फिर भी, यूसुफ की परीक्षाओं के मध्य, परमेश्वर कार्य कर रहा था। अनपेक्षित परिस्थितियों के द्वारा, परमेश्वर ने यूसुफ को ऊंचा उठाने और उसके सिर को ऊंचा करने के लिए फिरौन का इस्तेमाल किया। लेकिन यह बदलाव एक रात में नहीं आया। उन सारी बातों के मध्य यूसुफ ने पूरी तरह से परमेश्वर में भरोसा रखना सीखा।

परमेश्वर आज भी वही है। इस वर्ष, वह आपको ऊंचा उठाने के लिए और आपकी आशा को पुनर्स्थापित करने के लिए लोगों को आपके जीवन में लाएगा। याद रखें, वह आपकी महिमा और आपका सिर ऊंचा करने वाला है। आपकी परिस्थिति कितनी ही भयानक प्रतीत हो या आगे का मार्ग कितना ही सम्भव क्यों न दिखाई दे, अपने सृजनहार में भरोसा रखें। आपके मांगने या कल्पना करने से वह बढ़कर कर सकता है।


## 3. अपने प्रयोजन कर्ता को स्मरण कर

**और कहीं ऐसा न हो कि तू सोचने लगे कि यह सम्पत्ति मेरे ही सामर्थ्य और मेरे ही भुजबल से मुझे प्राप्त हुई। परन्तु तू अपने परमेश्वर यहोवा को स्मरण रखना, क्योंकि वही है जो तुझे सम्पत्ति प्राप्त करने की सामर्थ्य इसलिये देता है...** व्यवस्थाविवरण 8:17–18।

व्यवस्थाविवरण 8 बाइबल में मेरे प्रिय परिच्छेदो में से एक है। वह इस बात का गहराई से स्मरण दिलाता है कि जो कुछ हमारे पास है – बल, सामर्थ्य, बुद्धि और सफलता – परमेश्वर की ओर से आते हैं। यह हमें घमण्ड के खिलाफ चेतावनी देता है, हमें सावधान करता है कि हम अपनी योग्यताओं के विषय में घमण्ड न करें या उसे न भूलें जो हमारे प्रयोजन करता है।

यह पद हमारे अंतर्तम विचारों को भी सम्बोधित करता है, वह कहता है, "तुम अपने हृदय में कह सकते हो..." परमेश्वर समझता है कि कभी कभी हमारे उद्देश्य और कार्य एक दूसरे से मेल नहीं रखते। इसलिए यह चेतावनी मात्र शब्दों से परे जाकर हमारे हृदयों के विचारों को सम्मिलित करती है।

जब आप इस नए वर्ष में कदम रखते हैं, तो यह आपकी प्रार्थना हो कि परमेश्वर हर परिस्थिति में आपका प्रयोजन कर्ता बना रहे। स्मरण रखें, वही परमेश्वर जिसने पांच रोटी और दो मछलियों से पांच हजार लोगों को भोजन खिलाया, आपकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।



**पांच रोटियां और दो मछलियां - पर्याप्त भोजन!**

शायद आप इस वर्ष की शुरूआत महत्वपूर्ण चुनौतियों के साथ कर रहे हैं – और इस विषय में अनिश्चित हैं कि अपने घराने का प्रबंध कैसे करें या अपने परिवार की ज़रूरत कैसे पूरी करें। परमेश्वर का पुनराश्वासन आपके हृदय में प्रतिध्वनित हो : "मैं तुम्हारा प्रयोजन कर्ता हूं। मत डर या निराश न हो। यदि मैं पूरे अकाल में थोड़े आटे और तेल से विधवा और उसके बेटे का पोषण कर सका, तो मैं तुम्हारा भी प्रयोजन कर सकता हूं।"



**नए नियम के मसीही पारम्परिक तौर पर रविवार को मनाते थे!**

*पृष्ठ 8 में क्रमशः...*


**NEHEMIAH BIBLE COLLEGES,**

Chepauk & Santhoshapuram, Velachery Chennai.

Qualification : 10th Standard & above

Rush for admission! Medium : Tamil (Part Time) Hindi (Residential) (Sponsorship Available)

Diploma in Theology

Recognised by International Christian Leaders & Senior Pastors for the past 55 years

Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.

10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.

Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858

E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यों के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बंगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (तीन केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मैट्रिक्युलेशन स्कूल- विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१८. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
१९. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२०. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२१. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२२. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२३. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२४. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२५. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ९.३० बजे
२६. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२७. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
२८. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ९.०० बजे
२९. कार्यालय प्रातः ९.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

***अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।***

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
Echo of His Call, Post Box 2957
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,
Cell : 98410 71852, 95661 31858
E.mail : biblecor@yahoo.co.in

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा "एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट" को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **"एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट"** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

## (पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15

**परन्तु यहोवा के खोजियों को किसी भली वस्तु की घटी न होगी। - भजन 34:10**

वर्ष 1969 से, जब हमने एको ऑफ़ हिज़ कॉल सेवकाई की शुरुआत की, तब हमें अपने विभिन्न सेवाओं के लिए पैसों की आवश्यकता थी। हमें कर्मचारियों के वेतन, छपाई कागज़, डाक टिकट, टेलीफोन शुल्क, बिजली शुल्क, इमारतों के किराए, परिवहन, दान आदि के लिए पैसों की ज़रूरत थी।

व्यक्तिगत रूप से कहें तो मेरा प्रभु यीशु मसीह मेरे लिए पर्याप्त है। मैंने आज तक कभी भी किसी के दरवाज़े या दफ़्तर में पैसे की उम्मीद में दस्तक नहीं दी। मुझे अपनी कलीसिया के सदस्यों या दोस्तों से भी पैसों की मदद मांगने की आदत नहीं है। लेकिन अब तक, जिस प्रभु ने मुझे बुलाया है, वह समय पर अपने तरीके से चमत्कारिक रूप से मेरी सभी ज़रूरतों को पूरा करता है।

अभावों और कठिनाइयों के समय में, मैं परिस्थितियों को 'मेरे सहने के समय', 'वह समय जब परमेश्वर मुझे प्रार्थना करने के लिए बाध्य करता है' और 'प्रार्थना में परमेश्वर के साथ बेहतर संबंध बनाने के समय' के रूप में देखता हूं। इन अनुभवों के बाद मैंने बड़े आश्चर्यकर्मों का आनंद लिया है। ऐसी परिस्थितियों में, परमेश्वर ने मेरी सहायता के लिए ऐसे लोगों को खड़ा किया है जिन्हें मैं नहीं जानता। कई बार परमेश्वर ने मुझे और मेरे परिवार को ऐसे लोगों के ज़रिए भोजन खिलाया है जिन्हें मैं नहीं जानता!

1975 में, मुझे बापूजी प्रेस को 300 रुपये देने थे, जहां हमारी पत्रिका एको ऑफ़ हिज़ कॉल छपती थी। चूंकि मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए उस भुगतान में देरी हुई। एक गुरुवार को, मैंने उस प्रेस के मैनेजर से कहा कि मैं अगले सोमवार को पैसे चुका दूंगा। लेकिन मेरे पास आमदनी का कोई स्रोत नहीं था। मैंने परमेश्वर से अपनी ज़रूरत के बारे में प्रार्थना की और शांति से रहा। मुझे अगले रविवार तक आवश्यक रकम नहीं मिली।

सोमवार की सुबह, जब मैंने डाकघर में अपना मेलबॉक्स खोला तो मुझे नागालपुरम से एक लिफ़ाफ़ा मिला, जो दक्षिण भारत में मदुरै और तूतीकोरिन के बीच एक छोटा सा गांव है। लिफ़ाफ़े के अंदर ३०० रुपये का बैंक डिमांड ड्राफ्ट (जिस पर क्रॉस नहीं था) था। वह पैसा उस दिन की मेरी ज़रूरत के लिए पर्याप्त था। परमेश्वर ने मुझे मेरे वायदे के अनुसार प्रेस को देय रकम का भुगतान करने में सक्षम बनाया। परमेश्वर की महिमा हो!

कई वर्षों के बाद, मैं उस व्यक्ति से मिलने नागलापुरम गांव गया। मुझे आश्चर्य हुआ, मैंने पाया कि वह एक गरीब मजदूर था जो जूते बनाता था।



वह मुझे देखकर बहुत खुश हुआ। उसने कहा, 'सर, उस विशेष गुरुवार को, मुझे लगा कि कोई मेरे दिल से बात कर रहा था, मुझे **एको ऑफ़ हिज़ कॉल सेवकाई** को 300 रुपये भेजने के लिए विवश कर रहा था, जो उस समय मेरे पास एकमात्र राशि थी। इसलिए मैंने शुक्रवार को वह पैसा भेजा और आपको वह सोमवार को मिला।'

इस प्रकार प्रभु यीशु मसीह ने मेरे जीवन में आश्चर्यकर्म किया।

जी हां, यह एक मुश्किल रास्ता है। फिर भी, मैं हर दिन परमेश्वर की महिमा की महानता को देखने में सक्षम हूं। यहोवा मेरा चरवाहा है। मुझे कुछ घटी नहीं होगी।

**जो कोई बुद्धिमान हो, वह इन बातों पर ध्यान करेगा... भजन 107:43।**

************

*पृष्ठ 6 से...*

## 4. सब्त को स्मरण रखें

सब्त अक्सर एक विवादातीत विषय रहा है। मैं यह कबूल करता हूं कि रविवार सातवां दिन है, नए नियम के मसीही पारम्परिक तौर पर रविवार - पुनरूत्थान का दिन को पवित्र दिन के रूप में मनाते थे! हालांकि, कई मध्य पूर्वी देशों में, पवित्र दिन शुक्रवार को मनाया जाता है। यदि आप उन क्षेत्रों में रहते हैं, तो शुक्रवार को गिरजाघर जाना एक सामान्य बात है।

मेरा कहना सरल है : चाहे आप शुक्रवार, शनिवार या रविवार को मनाते हों, इसे पवित्र रखना याद रखें। जैसा कि पवित्रशास्त्र कहता है, इस कारण यहोवा ने विश्रामदिन को आशीष दी और उसको पवित्र ठहराया। निर्गमन 20:11। यह आज्ञा उस दिन परमेश्वर को प्राथमिकता देने के बारे में है। उसके साथ ज़्यादा समय बिताएं, दिन को आराधना और मनन के लिए समर्पित करें।

कुछ लोग सब्त के दिन विश्राम करने को कलीसिया में जाने के बजाय विश्राम करने या आराम से ड्राइव करने के बहाने के रूप में समझते हैं। लेकिन, प्रिय मित्रों, मैं आपसे विनम्रता से आग्रह करती हूं, **जो कैसर का है, वह कैसर को; और जो परमेश्वर का है, वह परमेश्वर को दो...** मत्ती 22:21।

सप्ताह का एक दिन परमेश्वर का है - उससे यह मत छीनिए। दुःख की बात है, हममें से कई लोगों ने अपनी प्राथमिकताएं बदल ली हैं। हम परमेश्वर को अपने बचे हुए पल देते हैं, अपने काम या निजी दायित्वों के बाद ही उसके पास आते हैं। हम इसे इस तरह के कारणों से उचित ठहराते हैं :

"मुझे काम करना है; अन्यथा, मेरे बिल कौन भरेगा?"

"मुझे अपनी परीक्षा पास करने के लिए रविवार को कक्षाओं में जाना है।"

"मुझे एक मैच खेलना है; परमेश्वर ने मुझे पेशेवर रूप से खेलने की शक्ति दी है।"

हालांकि ये कारण वैध लग सकते हैं, लेकिन हमें अपने आप से पूछना चाहिए :

इन चुनावों में हम किसे महिमा दे रहे हैं? बाइबल कहती है, ... **इसलिये तुम चाहे खाओ, चाहे पीओ, चाहे जो कुछ करो, सब कुछ परमेश्वर की महिमा के लिये करो।** 1 कुरिन्थियों 10:31। क्या हम उसकी महिमा कर रहे हैं? यह महत्वपूर्ण प्रश्न है।

## 5. स्मरण कर कि तू कहां से गिरा है



**Repent and turn back to Me!**

बाइबल हमें एक गंभीर चेतावनी देती है। **इसलिये स्मरण कर कि तू कहाँ से गिरा है, और मन फिरा और पहले के समान काम कर। यदि तू मन न फिराएगा, तो मैं तेरे पास आकर तेरी दीवट को उसके स्थान से हटा दूँगा।** (प्रकाशितवाक्य 2:5)।

इस वर्ष की शुरुआत में, आइए हम अपने जीवन का मूल्यांकन करने के लिए रुकें। हम कहां चूक गए हैं? हमें क्या करना शुरू करना है, क्या करना बंद करना चाहिए या अलग तरीके से करना चाहिए? परमेश्वर हमें धीमी आवाज़ में अपने पास वापस बुला रहे हैं, खास तौर पर अभी।

उसके पास आएं। वह खुली बाहों के साथ, प्रेम और आशा से भरकर इंतज़ार कर रहा हैं। जब भी हम अपने आप उसके प्रेम, दया या अनुग्रह के अयोग्य महसूस करते हैं, तो यह याद रखें : यीशु क्रूस पर मर गया, यह जानते हुए कि हमें उसके अनुग्रह की आवश्यकता है। उसके बिना, हम कुछ नहीं कर सकते। वह हमारे पापों को क्षमा करने, हमारे टूटे हुए टुकड़ों को लेने और कुछ नया बनाने के लिए तैयार हैं। असली सवाल यह है : क्या हम अपने टूटेपन को उसे सौंपने के लिए तैयार हैं और उन्हें कुछ सुंदर बनाने दें?

प्रभु में एक लाभदायक और फलदायी वर्ष हो। आप उसके प्रेम से कई लोगों के जीवन को छू सकते हैं और यीशु मसीह के प्रकाश को चमकाते हुए अपने आस-पास के संसार में बदलाव ला सकते हैं।

*************


## तत्काल आवश्यकता

एको ऑफ हिज़ कॉल का विस्तार बड़ी तेज़ी से हो रहा है। हमें निम्नलिखित पदों के लिए मिशन की मानसिकता रखनेवाले, उसके के प्रति समर्पित, और विश्वासयोग्य पुरुष और महिला उम्मीदवारों की आवश्यकता है :

- हमारे मुख्य गिरजाघर के लिए पूर्णकालिक सहायक पास्टर
- चेन्नई में हमारी शाखा कलीसियाओं के लिए पूर्णकालिक सहायक पास्टर
- पूर्णकालिक सुरक्षा कर्मी
- डी. टी. पी. ऑपरेटर और टाइपिस्ट
- अंग्रेजी और अन्य भाषाओं को बोलने और लिखने में कुशल
- प्रशासन में रुचि रखने वाले कार्यालय प्रबंधक
- पूर्णकालिक बाइबल कॉलेज व्याख्याता
- स्वयंसेवक जो हमारी सेवकाई को बढ़ावा दे सकें
- पूर्णकालिक ड्राइवर
- मैट्रिकुलेशन स्कूल के लिए प्रिंसिपल और शिक्षक
- पूर्णकालिक रसोइया (महिला)
- पूर्णकालिक हाउसकीपिंग कर्मचारी

**योग्यता और अनुभव के आधार पर वेतन।**

Please Contact **ECHO OF HIS CALL** office

**आवेदन करें**

**व्हाट्सएप नंबर : 98412 71858**

**ईमेल : sam@echoofhiscall.org**

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/24-26 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26

## एको ऑफ हिज़ कॉल

### यू ट्यूब

Please subscribe

कृपया आपके समय के अनुसार हमारा **एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यूब चैनल** देखें और उसे सब्स्क्राईब करें। - धन्यवाद

## OUR BANK DETAILS:

### 1. Bank : State Bank of India

Branch : Triplicane, Chennai-5
Name : S. Sam Selva Raj
A/C No. : 1023 2934 679
IFSC : SBIN 00 00 249
SWIFT CODE : SBI NIN BB 455

### 2. Bank : ICICI Bank

Branch : Anna Salai, Chennai-6
Name : Echo of His Call
A/C No. : 6038 0502 2319
IFSC : ICIC 000 6038

### 3. Bank : State Bank of India

(This Account is for Tax Exemption for Indians only )

Branch : Triplicane, Chennai-5
Name : Echo of His Call Educational Trust
A/C No. : 1023 2923 805
IFSC : SBIN 00 00 249

Google Pay: 98410 71858
PayPal : SAM SELVA RAJ
*****
E.mail : sam@echoofhiscall.org

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्क: रु. १००/-** **आजीवन शुल्क: रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :
**ECHO OF HIS CALL**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/24-26
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"
on 9th JANUARY 2025.
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766

## JESUS LOVES YOU!

To

GOD BLESS YOU!

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by **S. Sam Selva Raj** at **Echo of His Call Printers,** New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**